जादूगर दादी छुट्टी पर गईं

टोमी

जादूगर दादी छुट्टी पर गईं

जादूगर दादी यानि स्ट्रेगा नोना को एक सपना आया. सपने में वो दुबारा एक छोटी लड़की बन गईं. अब वो समुद्र तट के किनारे अपनी दादी कॉनसेटटा के घर पर थीं.

वहां उन्हें कितना मज़ा आ रहा था.

"मेरी छोटी प्यारी नोना," दादी कॉनसेटटा ने कहा. "उठो नोना!" और फिर नोना उठ गयीं. वो अपनी दादी के घर पर थीं जो कलाब्रीआ गांव के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित था.

पूरे दिन जब स्ट्रेगा नोना गांववालों के सिरदर्द, दांत दर्द और उनकी अन्य चिंताओं का इलाज करती थीं, तब उन्हें अपने दादी कॉनसेटटा की आवाज़ सुनाई देती थी.

कुछ गांववालों ने आपस में एक-दूसरे से कहा, "लगता है कि अब स्ट्रेगा नोना को एक छुट्टी की ज़रुरत है."

"बिग अन्थोनी," बमबोलोना ने कहा, "लगता है स्ट्रेगा नोना के दिमाग में कुछ चल रहा है."

"मुझे भी ऐसा ही लगता है," बिग अन्थोनी ने कहा. "वो मेयर साहिब को सिर दर्द के लिए एक गलत दवाई देने वाली थीं. ऐसा पहली बार हुआ है."

स्ट्रेगा नोना ने अपनी खिड़की के बाहर झाँका. उन्हें पक्का लगा जैसे दादी कॉनसेटटा ने उन्हें बुलाया हो.

यह कैसे संभव हो सकता है स्ट्रेगा नोना ने सोचा, क्योंकि दादी कॉनसेटटा तो कई साल पहले ही स्वर्ग सिधार गई थीं. काश मुझे उस सपने का मतलब समझ में आया होता.

उसी रात स्ट्रेगा नोना को अपने सवाल का उत्तर मिल गया. अगले सपने में वो पहाड़ी पर स्थित उस छोटे घर में थीं. उनके सामने दादी कॉनसेटटा बैठीं थीं.

"प्रिय नोना," दादी ने कहा. देखो तुम सालों से इतनी मेहनत कर रही हो, अब तुम्हें एक छुट्टी लेनी चाहिए. बमबोलोना, मरीज़ों के इलाज का काम देख सकती है और बिग अन्थोनी घर का कामकाज - जानवरों का चारा-पानी, बकरियों को दूना, और घर और बगीचे की देखभाल कर सकता है. समुद्र के किनारे वाला मेरा घर एकदम खाली है और वो तुम्हारा इंतज़ार कर रहा है. "नोना तुम ज़रूर आना."

फिर स्ट्रेगा नोना नींद से उठ गईं.
"मैं, वहां ज़रूर जाऊंगी!" और फिर चेहरे पर एक मुस्कराहट के साथ स्ट्रेगा नोना दुबारा सो गईं.

अगले दिन सुबह स्ट्रेगा नोना ने बमबोलोना और बिग अन्थोनी को घर के अंदर बुलाया.
"सुनो बच्चों मुझे तुम्हें एक बात बतानी है. मैं समुद्र के किनारे दादी कॉनसेटटा के घर पर कुछ दिनों के लिए छुट्टियां बिताने जा रही हूँ."
"अच्छा," बमबोलोना ने कहा, "आप कब जा रही हैं?"
"मैं परसों जाऊंगी," स्ट्रेगा नोना ने कहा.
"आप वापिस कब आएँगी?" बिग अन्थोनी ने पूछा.
"उसके बारे में मैं तुम्हें बाद में बताऊंगी," स्ट्रेगा नोना ने कहा. "उसके लिए मैं तुम्हें एक सन्देश भेजूंगी."

"मेरे बच्चों," स्ट्रेगा नोना ने कहा. "तुम एकदम ठीक तरीके से काम करना. बमबोलोना, इलाज के लिए कौन सा मंत्र इस्तेमाल करना है, अगर उसके बारे में तुम्हें कोई शक हो तो तुम उसे मोटी किताब में देख लेना. अगर कोई बहुत ही पेचीदा केस आए तो तुम पहाड़ी पर जाकर उसके बारे में स्ट्रेगा एमेलिया से पूछ लेना." फिर स्ट्रेगा नोना ने बमबोलोना के गाल पर एक पुच्ची दी.

"अच्छा बिग अन्थोनी, मुझे पता है कि तुम अच्छी तरह से सब कामकाज करोगे और किसी झड़गे में नहीं फंसोगे. तुम जो रोज़ाना करते हो वही करते रहना. अगर बमबोलोना को ज़रुरत पड़े तो उसकी भी मदद करना. हाँ, और याद रखना....... "
बमबोलोना और बिग अन्थोनी ने एक साथ कहा:
"भूल से भी मेरे पास्ता वाले बर्तन को हाथ मत लगाना!"

फिर सभी मिलकर हंसे. उन्हें उस दिन की याद आई जब बिग अन्थोनी ने पूरे गांव को पास्ता की बाढ़ से भर दिया था!
फिर स्ट्रेगा नोना ने बिग अन्थोनी के गाल पर भी एक पुच्ची दी.

अच्छा, वो रहा समुद्र के किनारे पहाड़ी पर दादी का घर.

कल स्ट्रेगा नोना में सोचा, मैं बमबोलोना और
बिग अन्थोनी के लिए एक-एक उपहार भेजूंगी.

जिस दिन उपहार आए उस समय बिग अन्थोनी बाहर बकरियों को चारा खिला रहा था. पर बमबोलोना अपने आपको रोक नहीं पाई. उसने उपहारों को खोला. बिग अन्थोनी के लिए एक विशेष मिठाई थी और उसके लिए नहाने का एक शैम्पू था.

पर मुझे वो मिठाई चाहिए! बमबोलोना ने सोचा. जल्द ही बमबोलोना ने उपहारों के ऊपर लिखे नाम बदल डाले.

बिग अन्थोनी ने अपना उपहार का पैकेट खोला, "बमबोलोना, यह बब्बल-बाथ क्या चीज़ है?
"उसे नहाने के पानी में डालते हैं और उससे बहुत सारे झाग बनते हैं. वो बहुत अच्छा होता है." बमबोलोना ने मिठाई खाते हुए कहा.

"अरे नहीं!" मेयर चिल्लाया, "दुबारा, फिर से नहीं!"

"गनीमत है इस बार वो पास्ता नहीं है," बिग अन्थोनी झाग के समुद्र पर तैरते हुए चिल्लाया.

समुद्र के किनारे के घर में एक कबूतर स्ट्रेगा नोना के लिए एक सन्देश लेकर पहुंचा.

"बमबोलोना!" स्ट्रेगा नोना ने खुद से कहा, "तुमने यह क्या किया?"

"कोई बात नहीं स्ट्रेगा नोना," मेयर ने घोषणा की. "इससे हमारा शहर साफ़ और स्वच्छ हो जाएगा! चलो, कोई ख़ास नुकसान नहीं हुआ है."

"ऐसा तब होता है जब उपहार, गलत हाथ में चला जाता है," स्ट्रेगा नोना ने कहा. "मुझे उम्मीद है बमबोलोना कि तुम अब अपना सबक सीख गई होगी."

"मैं गलती के लिए माफ़ी चाहती हूँ!" बमबोलोना ने कहा.

"मैं भी," बिग अन्थोनी ने कहा.

"पर स्ट्रेगा नोना, क्या इसका मतलब है कि आप फिर कभी भी छुट्टियों पर नहीं जाएंगी?" मेयर ने पूछा.

"ऐसा नहीं है," स्ट्रेगा नोना ने कहा. "अगली बार जब मैं छुट्टियों पर जाऊंगी तो मैं बमबोलोना और बिग अन्थोनी दोनों को अपने साथ लेकर जाऊंगी."

अंत